पंजाब केसरी
MON,24 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन मांगी प्रश्न पत्रों की डिमांड

## निजी स्कूलों को चुकाना होगा शुल्क, सरकारी विद्यालयों को मुफ्त मिलेंगे प्रश्न पत्र

धर्मशाला, 23 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने



शीतकालीन विद्यालयों में नवम्बर-दिसम्बर 2026 में आयोजित होने वाली कक्षा तीसी, 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए बोर्ड ने प्रश्न पत्रों की मांग की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विद्यालय 25 अगस्त 2026 से छात्रों की वास्तविक संख्या के आधार पर आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी डिमांड दर्ज करवाएं।

सरकारी विद्यालयों को प्रश्न पत्र नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। वहीं निजी स्कूलों को कक्षा तीसरी व 5वीं के लिए 100 रुपए प्रति विद्यार्थी और कक्षा 8वीं के लिए 150 रुपए प्रति विद्यार्थी की दर से ऑनलाइन शुल्क देना होगा। बिना विलंब शुल्क के मांग दर्ज करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर है, जबकि 6 अक्तूबर के बाद पोर्टल पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि लापरवाही बरतने वाले स्कूलों में प्रश्न पत्रों की कमी होने पर संबंधित प्रधानाचार्य, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी और उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।

# 3, 5 और 8 कक्षा के प्रश्नपत्रों के लिए ऑनलाइन व्यवस्था, 25 से दर्ज होगी मांग

- 6 अक्तूबर के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं, ऑफलाइन प्रक्रिया हुई पूरी तरह बंद
- लापरवाही पर स्कूल प्रमुख होंगे जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान**(24-08-2026)

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड ने कक्षा 3, 5 और 8 के प्रश्न-पत्रों की मांग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी संबंधित विद्यालय 25 अगस्त 2026 से विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर ऑनलाइन अपनी मांग दर्ज करवाना सुनिश्चित करें।

## सरकारी स्कूलों को मिलेगी छूट निजी स्कूलों के लिए शुल्क तय

**इस** नई व्यवस्था के तहत सरकारी विद्यालयों को प्रश्न-पत्र निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं, निजी स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करना होगा।

**कक्षा 3 और 5 के लिए:** 100 प्रति विद्यार्थी

**कक्षा 8 के लिए:** 150 प्रति विद्यार्थी


**ऑनलाइन मांग के लिए समय-सारणी:** बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और 6 अक्तूबर के बाद किसी भी स्कूल की मांग स्वीकार नहीं होगी।

**बिना विलंब शुल्क के:** 25 अगस्त 2026 से 16 सितंबर 2026 तक।

**100 (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ:** 17 सितंबर 2026 से 26 सितंबर तक।

**150 (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ:** 27 सितंबर से 6 अक्तूबर तक।

## लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. राजेश



**डॉ.** राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित अवधि में मांग दर्ज नहीं करता है या वास्तविक संख्या से कम-ज्यादा मांग करता है, तो परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, संबंधित बीईईओ और उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) सीधे तौर पर उत्तरदायी होंगे। बोर्ड का यह तकनीक आधारित कदम परीक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
23 अगस्त, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नज़र के साथ

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का अहम कदम

# शीतकालीन स्कूलों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा के प्रश्न-पत्रों की ऑनलाइन मांग 25 अगस्त से

**6 अक्टूबर के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं, ऑफलाइन प्रक्रिया हुई पूरी तरह बंद**

**सरकारी स्कूलों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क, लापरवाही पर स्कूल प्रमुख होंगे जिम्मेदार**



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने के लिए बोर्ड ने कक्षा 3, 5 और 8 के प्रश्न-पत्रों की मांग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी संबंधित विद्यालय 25 अगस्त 2026 से विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर ऑनलाइन अपनी मांग दर्ज करवाना सुनिश्चित करें।

### *कैसे करें ऑनलाइन आवेदन?*

स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट (www.hpbose.org) के ऑनलाइन सर्विसेज सेक्शन में जाना होगा। यहां ऑनलाइन क्वेश्चन पेपर डिमांड फॉर 3rd, 5th and 8th क्लास विकल्प के माध्यम से प्रश्न-पत्रों की मांग दर्ज की जा सकेगी। बोर्ड ने सख्त हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार की ऑफलाइन मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### *सरकारी स्कूलों को मिलेगी छूट, निजी स्कूलों के लिए शुल्क तय*

इस नई व्यवस्था के तहत सरकारी विद्यालयों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं, निजी स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करना होगा-

- कक्षा 3 और 5 के लिए : 100 रुपये प्रति विद्यार्थी
- कक्षा 8 के लिए : 150 रुपये प्रति विद्यार्थी

### *ऑनलाइन मांग के लिए समय-सारणी*

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और 6 अक्टूबर 2026 के बाद किसी भी स्कूल की मांग स्वीकार नहीं होगी-

- बिना विलंब शुल्क के : 25 अगस्त 2026 से 16 सितंबर 2026 तक।
- 100 रुपये (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ- 17 सितंबर 2026 से 26 सितंबर 2026 तक।
- 150 रुपये (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ-27 सितंबर 2026 से 6 अक्टूबर 2026 तक।




### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित अवधि में मांग दर्ज नहीं करता है या वास्तविक संख्या से कम-ज्यादा मांग करता है, तो परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, संबंधित BEEO और उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) सीधे तौर पर उत्तरदायी होंगे। बोर्ड का यह तकनीक आधारित कदम परीक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

RV7 NEWS
सच है तो दिखेगा

# RV7NEWS


सच है तो दिखेगा

www.rv7news.in | धर्मशाला, शुक्रवार, 22 अगस्त 2026 | हिमाचल प्रदेश

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का अहम कदम

## शीतकालीन स्कूलों में 3री, 5वीं और 8वीं के प्रश्न-पत्रों की ऑनलाइन मांग 25 अगस्त से

- 6 अक्टूबर के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं, ऑफलाइन प्रक्रिया हुई पूरी तरह बंद
- सरकारी स्कूलों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क, लापरवाही पर स्कूल प्रमुख होंगे जिम्मेदार
- परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम



डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

**धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने के लिए बोर्ड ने कक्षा 3, 5 और 8 के प्रश्न-पत्रों की मांग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी संबंधित विद्यालय 25 अगस्त 2026 से विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर ऑनलाइन अपनी मांग दर्ज करवान्ना सुनिश्चित करें।

### कैसे करें ऑनलाइन आवेदन?

स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट (www.hpbose.org) के 'Online Services' सेक्शन में जाना होगा। यहां "Online Question Paper Demand" for 3rd, 5th and 8th Class" विकल्प के माध्यम से प्रश्न-पत्रों की मांग दर्ज की जा सकेगी। बोर्ड ने सख्त हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार की ऑफलाइन मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों को मिलेगी छूट, निजी स्कूलों के लिए शुल्क तय

इस नई व्यवस्था के तहत सरकारी विद्यालयों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं, निजी स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करना होगा:

- कक्षा 3 और 5 के लिए: ₹100 प्रति विद्यार्थी
- कक्षा 8 के लिए: ₹150 प्रति विद्यार्थी

### ऑनलाइन मांग के लिए समय-सारणी

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और 6 अक्टूबर 2026 के बाद किसी भी स्कूल की मांग स्वीकार नहीं होगी:

- बिना विलंब शुल्क के: 25 अगस्त 2026 से 16 सितंबर 2026 तक।
- ₹100 (प्रति विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ: 17 सितंबर 2026 से 26 सितंबर 2026 तक।
- ₹150 (प्रति विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ: 27 सितंबर 2026 से 6 अक्टूबर 2026 तक।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित अवधि में मांग दर्ज नहीं करता है या वास्तविक संख्या से कम-ज्यादा मांग करता है, तो परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, संबंधित BEEO और उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) सीधे तौर पर उत्तरदायी होंगे।

> “ बोर्ड का यह तकनीक आधारित कदम परीक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मील का पत्थर साबित होगा ’

Divya Himachal Dt.24-08-26

# ऑनलाइन भेजें प्रश्नपत्रों की डिमांड

■ तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी की अधिसूचना

सिटी रिपोर्टर– धर्मशाला

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर, 2026 में होने वाली तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लेकर प्रक्रिया तय कर दी है। इन कक्षाओं के प्रश्नपत्र बोर्ड की ओर से उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए सभी राजकीय और शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को प्रश्नपत्रों की मांग केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भेजनी होगी। बोर्ड के अनुसार, यह प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। स्कूलों को बोर्ड की वेबसाइट में जाकर लिंक के माध्यम से संबंधित कक्षाओं के प्रश्नपत्रों की मांग दर्ज करनी होगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की ऑफलाइन प्रश्नपत्र मांग स्वीकार नहीं की जाएगी। बोर्ड की अधिसूचना के अनुसार, तीसरी और पांचवीं कक्षा के लिए प्रति विद्यार्थी परीक्षा शुल्क सौ रुपए, जबकि आठवीं कक्षा के लिए 150 रुपए निर्धारित किया गया है। राजकीय विद्यालयों के लिए प्रश्नपत्रों की मांग बिना शुल्क भेजी जाएगी, जबकि मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन डिमांड भेजनी होगी। वहीं, बिना विलंब शुल्क 25 अगस्त से 16 सितंबर तक 100 रुपए रहेगा और विलंब शुल्क के साथ 17 से 26 सितंबर तक 150 रुपए रहेगा।

## छह अक्तूबर को बंद होगा ऑनलाइन पोर्टल

बोर्ड ने सभी विद्यालयों को निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर प्रश्नपत्रों की मांग ऑनलाइन भेजने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड के अनुसार, छह अक्तूबर, 2026 के बाद ऑनलाइन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्रों की उपलब्धता में कमी होने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, बीईईओ और उपनिदेशक शिक्षा (प्रारंभिक) की जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा कि सभी स्कूल निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन प्रश्नपत्र डिमांड दर्ज करें।

Himachal Dastak Dt. 24-08-2026

# शीतकालीन स्कूलों के लिए प्रश्न पत्रों की ऑनलाइन मांग 25 अगस्त से

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए कक्षा तीसरी, पांचवीं और आठवीं के प्रश्न पत्रों की मांग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। स्कूल 25 अगस्त से बोर्ड की वेबसाइट के ऑनलाइन सर्विसेज सेक्शन में विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर मांग दर्ज कर सकेंगे। सरकारी स्कूलों को प्रश्न पत्र निःशुल्क मिलेंगे, जबकि निजी स्कूलों के लिए कक्षा तीसरी व पांचवीं के लिए 100 रुपये तथा आठवीं के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी शुल्क निर्धारित किया गया है। बिना विलंब शुल्क के मांग 25 अगस्त से 16 सितंबर तक, 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 17 से 26 सितंबर तथा 150 रुपये विलंब शुल्क के साथ 27 सितंबर से 6 अक्तूबर तक दर्ज की जा सकेगी। 6 अक्तूबर के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं होगी और ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में मांग दर्ज न करने अथवा विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या से कम-ज्यादा मांग करने पर प्रश्न-पत्रों की कमी के लिए संबंधित प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, बीईईओ और उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिम्मेदार होंगे।

Aapka Faisla Dt.24-08-26

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का अहम कदम, शीतकालीन स्कूलों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा के प्रश्न-पत्रों की ऑनलाइन मांग 25 अगस्त से

## 6 अक्टूबर के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं, ऑफलाइन प्रक्रिया हुई पूरी तरह बंद

## सरकारी स्कूलों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क, लापरवाही पर स्कूल प्रमुख होंगे जिम्मेदार

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने के लिए बोर्ड ने कक्षा 3, 5 और 8 के प्रश्न-पत्रों की मांग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी संबंधित विद्यालय 25 अगस्त 2026 से विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर ऑनलाइन अपनी मांग दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। कैसे करें ऑनलाइन आवेदन? स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट (www.hpbose.org) के Online Services सेक्शन में जाना होगा। यहां Online Question Paper Demand for 3rd, 5th and 8th Class विकल्प के माध्यम से प्रश्न-पत्रों की मांग दर्ज की जा सकेगी। बोर्ड ने सख्त हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार की ऑफलाइन मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकारी स्कूलों को मिलेगी छूट, निजी स्कूलों के लिए शुल्क तय, इस नई व्यवस्था के तहत सरकारी विद्यालयों को प्रश्न-पत्र नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं, निजी स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करना होगा: कक्षा 3 और 5 के लिए: 100 प्रति विद्यार्थी कक्षा 8 के लिए: 150 प्रति विद्यार्थी ऑनलाइन मांग के लिए समय-सारणी बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और 6 अक्टूबर 2026 के बाद किसी भी स्कूल की मांग स्वीकार नहीं होगी: बिना विलंब शुल्क के: 25 अगस्त 2026 से 16 सितंबर 2026 तक। 100 (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ: 17 सितंबर 2026 से 26 सितंबर 2026 तक। 150 (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ: 27 सितंबर 2026 से 6 अक्टूबर 2026 तक। लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित अवधि में मांग दर्ज नहीं करता है या वास्तविक संख्या से कम-ज्यादा मांग करता है, तो परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, संबंधित ब्लॉक प्रमुख और उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) सीधे तौर पर उत्तरदायी होंगे। बोर्ड का यह तकनीक आधारित कदम परीक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

Amar Ujala
Dated:24-08-2026

# तीसरी, 5वीं और 8वीं के प्रश्नपत्रों की स्कूल ऑनलाइन करें मांग

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में होने वाली तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों की मांग ऑनलाइन करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संदर्भ में शिक्षा बोर्ड ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सरकारी और बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेज में जाकर ऑनलाइन प्रश्नपत्र पेपर डिमांड फॉर तीसरी-5वीं और 8वीं कक्षा विकल्प के माध्यम से प्रश्नपत्रों की मांग भेजनी होगी। बिना विलंब शुल्क प्रश्नपत्रों की मांग 25 अगस्त से 16 सितंबर तक की जा सकेगी। ब्यूरो

Dainik Jagran
Dated:24-08-26

# तीसरी, पांचवीं व आठवीं के प्रश्नपत्रों की कल से कर सकेंगे आनलाइन मांग

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शीतकालीन विद्यालयों में नवंबर-दिसंबर 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड ने कक्षा तीसरी, पांचवीं व आठवीं के प्रश्नपत्रों की मांग को आनलाइन कर दिया है।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विद्यालय 25 अगस्त से विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर आनलाइन मांग दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। स्कूलों के प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापकों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के आनलाइन सर्विस सेक्शन में जाना होगा। आफलाइन मांग स्वीकार नहीं होगी। सरकारी विद्यालयों को प्रश्नपत्र निश्शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। निजी स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर आनलाइन शुल्क देना होगा। कक्षा तीसरी व पांचवीं के लिए 100 और आठवीं के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी शुल्क निर्धारित किया है।

छह अक्टूबर के बाद किसी भी स्कूल की मांग स्वीकार नहीं होगी। बिना विलंब शुल्क 25 अगस्त से 16 सितंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। 100 रुपये (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ 17 सितंबर से 26 सितंबर और 150 रुपये (प्रति विद्यार्थी) विलंब शुल्क के साथ 27 सितंबर से छह अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकेगा। डा. राजेश ने यह जानकारी दी।